Tuesday, 08 SEPTEMBER 20

The Tribune
VOICE OF THE PEOPLE
ਪੰਜਾਬੀ ਟ੍ਰਿਬਿਊਨ दैनिक ट्रिब्यून

Epaper

Chandigarh 26°C

# Work on repairing Ridge water tank begins

Updated At: Sep 08, 2020 01:38 PM (IST)

1390 0 0 0



**Tribune News Service**

**Shimla, September** 7

The repair work to fill up the cracks in the water storage tank beneath the Ridge has begun. “The restoration work will be completed in eight weeks,” said Shimla Jal Prabandhan Nigam Limited MD Dharmendra Gill.

Built over 100 years back during the British rule and commissioned in 1924, the tank provides water to several parts of the city. Out of the nine chambers, cracks were noticed in four three years back. With cracks getting wider gradually, the Shimla Jal Prabandhan Nigam Limited hired a multinational company, Renseco India, for the repair. “We have signed a contract of Rs 1.85 crore with the company. The project has been funded by the Municipal Corporation,” said Gill.

Gill said they had roped in experts from Punjab Engineering College too for technological support. “A combination of techniques is being used to fill up the cracks, and we are probably the first to use it for this purpose,” said Gill.

## 150 साल पुराने टैंक में पड़ रही दरारों की मुरम्मत पर खर्च होंगे 1.50 करोड़

# जुलाई मध्य से शुरू होगा रिज टैंक के री-स्टोरेशन का काम

- **स्विट्जरलैंड की रेनस्को कंपनी कर रही री-रैस्टोरेशन वर्क**

शिमला, 29 जून (शिवानी) : खतरे की जद में आए ऐतिहासिक रिज मैदान पर बने वाटर स्टोरेज टैंक मुरम्मत कार्य जुलाई मध्य तक शुरू हो जाएगा। करीब 1.50 करोड़ की लागत से पेयजल टैंक में पड़ी दरारों को भरने का काम किया जाएगा।

एसजेपीएनएल द्वारा यह महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट स्विट्जरलैंड की रेनस्को कंपनी को सौंपा गया है। करीब 150 साल पुराने टैंक की दरारों को किस तरह भरा जाएगा, क्या मेटिरियल इस्तेमाल होगा और इस काम में क्या चुनौतियां रहेंगी इन सभी पहलुओं की जांच के लिए कंपनी के अधिकारियों ने टैंक के अंदर से निरीक्षण किया।



रिज वाटर स्टोरेज टैंक का निरीक्षण करते एसजेपीएनएल और रेनस्को कंपनी के अधिकारी।

एसजेपीएनएल के जीएम महबूब शेख की अध्यक्षता में कंपनी के दो विशेष अधिकारियों ने टैंक का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अंदर की मौजूदा स्थिति को देखते हुए मुरम्मत कार्य में आने वाली चुनौतियों का विश्लेषण कर रिपोर्ट तैयार की। जिसके बाद कंपनी द्वारा मुरम्मत सामग्री की खरीदारी का काम पूरा किया जाएगा।

इसी बीच एसजेपीएनएल को टैंक के बंद रहने की स्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था का बंदोबस्त करने का समय भी मिल जाएगा।

## मुरम्मत कार्य के चलते 2 महीने खाली रखा जाएगा टैंक

रिज मैदान टैंक से सेंटर जोन एरिया को वाटर सप्लाई होती है। जिसमें मालरोड, लोअर बाजार, कृष्णानगर, रामबाजार, कैथू, लक्कड़बाजार व आस पास के क्षेत्र आते हैं। मुरम्मत कार्य के चलते करीब दो महीने टैंक को खाली रखा जाएगा। ऐसे में वाटर सप्लाई सुचारू रहे इसके लिए पेयजल कंपनी वैकल्पिक व्यवस्था करेगी। यही नहीं काम शुरू होने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था को दो से चार दिन ट्रायल किया जाएगा। 15 जुलाई के बाद रिज टैंक के री-स्टोरेशन का काम शुरू हो जाएगा। इस संबंध में कंपनी के अधिकारियों ने टैंक के अंदर का निरीक्षण किया है। मुरम्मत कार्य के लिए करीब दो महीने टैंक खाली रहेगा। ऐसे में वैकल्पि व्यवस्था की जाएगी, ताकि कोर एरिया में वाटर सप्लाई को लेकर दिक्कतें ना हों।

16.5° धिकतम 3.8° न्यूनतम
र्योदय • सूर्यास्त
बह 7.00 शाम 6.10

## पूर्वानुमान

न विज्ञान केंद्र शिमला के
बक प्रदेश के अधिकतर
में मौसम शुष्क रहेगा।

## ापकी आवाज

र उजाला को आप कोई खबर,
टो या आयोजन की सूचना देना
ते हैं तो इस आईडी पर मेल करें
-cityreporter@sml.amarujala.com

## ज खास

कास कार्यों की समीक्षा बैठक
भवन में होगी। इसकी
ला डीसी आदित्य नेगी करेंगे।

## ौली बाजार में कल
## गा पावर कट

ला। विद्युत उपमंडल संजौली
त संजौली बाजार, ढिंगुधार,
ी और पेट्रोल पंप के
स क्षेत्रों में शुक्रवार को
ी कट लगेगा। यह जानकारी
के संयुक्त निदेशक अनुराग
र ने दी।

# आज से रिज टैंक से मिलेगा पानी

## टैंक का मरम्मत कार्य पूरा, रात की बजाय अब दिन में मिलेगी सप्लाई

अमर उजाला ब्यूरो

**शिमला।** राजधानी के सेंट्रल और चौड़ा मैदान जोन के हजारों पेयजल उपभोक्ताओं को अब आधी रात को पानी भरने के लिए नहीं उठना पड़ेगा। इन इलाकों में वीरवार से दिन के समय पानी की सप्लाई दी जाएगी।

ऐतिहासिक रिज मैदान स्थित पेयजल टैंक की मरम्मत का काम पूरा हो गया है। ठेकेदार ने काम पूरा होने के बाद इसे कंपनी को हैंडओवर कर दिया है। बुधवार दिन के समय पेयजल कंपनी के कर्मचारियों ने टैंक की सफाई की। इसके बाद शाम करीब चार बजे मेयर सत्या कौंडल, उप महापौर शैलेंद्र चौहान, स्थानीय पार्षद इंद्रजीत सिंह, कंपनी के मैनेजर महबूब शेख ने टैंक का निरीक्षण किया।

कंपनी मैनेजर ने बताया कि टैंक के नौ में से पांच चैंबरों में दरारें पड़ी थीं। कंपनी ने पांच की जगह छह चैंबरों का मरम्मत कार्य करवाया है। निरीक्षण के बाद देर शाम कंपनी ने टैंक में पानी स्टोर करना शुरू कर दिया है। वीरवार सुबह सेंट्रल जोन और चौड़ा मैदान जोन के लिए इसी टैंक से पानी की सप्लाई दी जाएगी। एजीएम गोपाल



रिज टैंक के भीतर जाकर निरीक्षण करतीं महापौर सत्या कौंडल। अमर उजाला

### रामबाजार में सुबह चार बजे आएगी अब पानी की सप्लाई

रिज टैंक से पानी की सप्लाई शुरू होने के साथ ही वीरवार से सेंट्रल जोन के हजारों उपभोक्ताओं को फायदा होगा। शहर के राम बाजार और लोअर बाजार क्षेत्र में बीते पांच महीने से रात दो बजे पानी की सप्लाई दी जा रही थी। अब राम बाजार में सुबह चार बजे, लोअर बाजार में सुबह पांच बजे पानी आएगा। इसी तरह कैथू, यूएस क्लब एरिया में देररात होने वाली पानी की सप्लाई अब शाम पांच बजे मिल सकेगी। चौड़ा मैदान जोन में भी सुबह पांच बजे के बाद सप्लाई दी जाएगी। फाइनल शेड्यूल वीरवार को टैंक भरने के बाद जारी होगा।

### टैंक में देर रात शुरू की गई पानी भंडारण की प्रक्रिया

कृष्ण ने कहा कि टैंक में पानी भरने से पहले इसकी सफाई की है। वीरवार से अब इसी टैंक से लोगों को पानी दिया जाएगा। इससे हजारों लोगों को अब राहत मिलने की उम्मीद है।

### 5 महीने चला मरम्मत कार्य

पेयजल टैंक के पांच चैंबरों में दरारें पड़ी थीं। अक्तूबर में इसे खाली करवाकर मरम्मत कार्य शुरू किया था। दरारों को भरने के लिए बेल्जियम से पॉलीयूरिया केमिकल मंगवाया था। दरारों के मुहाने खोलकर इसमें रिपेयर की गई और केमिकल से मजबूती दी गई। बाद में इसी केमिकल से दीवारों पर कोटिंग की गई।

# ज टैंक के सभी चैंबरों की मरम्मत न होने पर मेयर खफा

## लीं, बार-बार खाली नहीं करवा सकते टैंक, बाकी तीन चैंबरों की भी करवाई जाएगी मरम्मत

ला। ऐतिहासिक रिज मैदान
के नौ में से छह चैंबरों में किए
त कार्य से मेयर सत्या कौंडल
ट दिखीं। लेकिन टैंक के बाकी
चैंबरों में मरम्मत न करने पर
ी जताई।
न्होंने कहा कि जब एक बार
खाली करवा दिया था और पैसा
है तो फिर इसकी भी मरम्मत
चाहिए थी। बार-बार इसे
करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।
ी के अनुसार टैंक के पांच
चैंबरों में दरारें थीं। इसलिए सिर्फ इसके अनुसार बजट और प्लान तैयार किया था। एहतियात के तौर पर छह चैंबरों की मरम्मत की गई है। यदि रिपेयर का पैसा बचा है तो इनकी मरम्मत भी होनी चाहिए। कंपनी का कहना है कि बाकी तीन चैंबर की रिपेयर में कोई दिक्कत नहीं है।

यदि निगम चाहता है तो इसकी मरम्मत की जाएगी। लेकिन इसके लिए बेल्जियम से निर्माण सामग्री मंगानी पड़ेगी जिसमें डेढ़ से दो महीने लग जाएंगे। आने वाले दिनों में मरम्मत पर फैसला होगा। ब्यूरो

### बिना अनुमति रिज टैंक में घुस गए भाजपा कार्यकर्ता

**ऐतिहासिक** रिज मैदान टैंक में सिर्फ पेयजल कंपनी के कर्मचारियों और अधिकारियों को उतरने की ही अनुमति है। लेकिन बुधवार को भाजपा के दो कार्यकर्ता टैंक में उतरे और फोटो खींचकर सोशल मीडिया पर शेयर करते रहे। सवाल उठे तो मेयर सत्या कौंडल और बाकी अधिकारियों ने इनसे किनारा कर लिया। अधिकारियों ने कहा कि किसी भी बाहरी व्यक्ति को टैंक में जाने की अनुमति नहीं दी थी। वह किसी कार्यकर्ता को अपने साथ नहीं ले गई थी। यह कार्यकर्ता अपनी मर्जी से टैंक में घुसे हैं। टैंक में बाहरी लोगों को ले जाने पर पाबंदी है। यह लोग कैसे टैंक में घुसे, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। ब्यूरो

MARUTI SUZUKI ARENA
THE NEW
DZIRE
बढ़ें एक नई दुनिया की ओर

# रिज टैंक को भरे बिना ही होगी शहर में अब पानी की सप्लाई

## दरारों को भरने के लिए खाली कराया जाएगा टैंक

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला। शहर में पहली बार रिज टैंक का इस्तेमाल किए बिना कोर एरिया में पानी की सप्लाई दी जाएगी। इसके लिए पेयजल कंपनी वैकल्पिक पेयजल लाइन बिछाने जा रही है। ऐतिहासिक रिज टैंक में पड़ी दरारें भरने के लिए सोमवार को भी एक टीम ने टैंक का निरीक्षण किया। इसके लिए टैंक को खाली करवाया गया था।

### कम प्रेशर की हो सकती है दिक्कत

रिज टैंक के बजाय मेन लाइन से सप्लाई के चलते शहर के कुछ इलाकों प्रेशर की कमी हो सकती है। पेयजल कंपनी संजौली से आने वाली मेन पाइपलाइन को वैकल्पिक पेयजल लाइनों के जरिये कोर एरिया को सप्लाई देने वाली पाइपलाइनों से कनेक्ट करेगी। इससे लोगों को पानी की सप्लाई तो मिलेगी लेकिन प्रैशर पहले जैसा नहीं होगा। अगले हफ्ते तक इसका ट्रायल भी किया जा रहा है।

पेयजल कंपनी ने स्विट्जरलैंड की कंपनी रेनस्को को दरारें भरने का टेंडर अवार्ड किया है। कंपनी के अधिकारियों ने सोमवार को टैंक में उतरकर दरारों का निरीक्षण किया। निर्माण सामग्री को टैंक में कैसे उतारना है, इसे लेकर यह निरीक्षण किया गया। पेयजल कंपनी के अनुसार टैंक में दरारों को भरने के लिए काम करने वाली कंपनी बाहर से ही निर्माण सामग्री लाएगी। ऐसे में टैंक को करीब डेढ़ दो माह खाली रखना पड़ेगा। संजौली टैंक से आने वाली मेन पेयजल लाइन को रिज टैंक के समीप वैकल्पिक लाइन बिछाकर चौड़ा मैदान और सेंट्रल जोन की दूसरी लाइन में कनेक्ट किया जाएगा। अगले माह के पहले हफ्ते तक इसका ट्रायल किया जा रहा हैं। कंपनी के जीएम महबूब शेख ने कहा कि रिज टैंक का मरम्मत कार्य जल्द शुरू किया जा रहा है। काम करने वाली कंपनी ने सोमवार को भी टैंक का निरीक्षण किया है।

रिज टैंक शहर में संजौली के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्टोरेज टैंक है। इससे सेंट्रल जोन के तहत आने वाले मालरोड, लोअर बाजार, सब्जी मंडी, लक्कड़ बाजार, कैथू, अनाडेल, रामबाजार, बसस्टैंड और कृष्णानगर एरिया में पानी की सप्लाई होती है। इसी टैंक से एक लाइन चौड़ा मैदान जोन को जोड़ती है।

महिला

शिमला।
महिला के
गिरफ्तार
है। पुलिस
जान दे
कार्रवाई
पर आरोप
उकसाया
मजबूर ह
आत्महत्या

प्रतिभूति
में ब्याज
चूंकि
https:

| क्र. सं. |
| --- |
| 1. |

दिनेश
जिला
सिविल
1824

केवल ~~₹1199~~ ₹199 में (SAVE 83%).

Hurry UP!

Subscribe Now

मुताबिक पानी की सप्लाई दी जाएगी। कंपनी के एजीएम राजेश कश्यप ने बताया कि गिरि और गुम्मा दोनों परियोजना से सामान्य पंपिंग हो रही है। शहर में पानी की कमी नहीं रहेगी।

थे लेकिन लॉकडाउन के चलते नगर निगम ने इन पर रोक लगा दी थी। इसी बीच पार्षदों ने बढ़ी हुई दरें लॉकडाउन अवधि में लागू न करने

## रिज टैंक की दरारें जल्द भरी जाएंगी, खाली रहेगा टैंक

**शिमला।** ऐतिहासिक रिज मैदान पेयजल टैंक में पड़ी दरारों को भरने का काम अगले महीने से शुरू हो जाएगा। इसके लिए करीब दो माह तक इस टैंक को खाली रखा जाएगा। पेयजल कंपनी टैंक का मरम्मत कार्य स्विट्जरलैंड की रेनस्को कंपनी से करवा रही है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने दो दिन पहले ही शिमला आकर इस टैंक का निरीक्षण किया है। हालांकि, अभी टैंक खाली करवाकर इसके अंदर जाकर भी निरीक्षण करवाया जाएगा। पेयजल कंपनी का दावा है कि अगले महीने तक इस टैंक का मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। करीब डेढ़ करोड़ रुपये इस पर खर्च किए जा रहे हैं। मरम्मत कार्य के दौरान करीब दो महीने तक टैंक खाली रखा जाएगा। इस दौरान सेंट्रल जोन के तहत आने वाले मालरोड, लोअर बाजार, कृष्णानगर, रामबाजार, कैथू, लक्कड़ बाजार आदि इलाकों में पानी की सप्लाई देने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। पेयजल कंपनी इसके लिए बाईपास लाइनें जोड़ने की तैयारी कर रही है। कंपनी के जीएम महबूब शेख ने कहा कि टैंक में पड़ी दरारों का काम जल्द शुरू किया जा रहा है। ब्यूरो

आपसे अनुरोध है कि स

पान अथवा पान मसा

# रिज टैंक को भरे बिना ही होगी शहर में अब पानी की सप्लाई

## दरारों को भरने के लिए खाली कराया जाएगा टैंक

**अमर उजाला ब्यूरो**

शिमला। शहर में पहली बार रिज टैंक का इस्तेमाल किए बिना कोर एरिया में पानी की सप्लाई दी जाएगी। इसके लिए पेयजल कंपनी वैकल्पिक पेयजल लाइन बिछाने जा रही है। ऐतिहासिक रिज टैंक में पड़ी दरारें भरने के लिए सोमवार को भी एक टीम ने टैंक का निरीक्षण किया। इसके लिए टैंक को खाली करवाया गया था।

पेयजल कंपनी ने स्विट्जरलैंड की कंपनी रेनस्को को दरारें भरने का टेंडर अवार्ड किया है। कंपनी के अधिकारियों ने सोमवार को टैंक में उतरकर दरारों का निरीक्षण किया। निर्माण सामग्री को टैंक में कैसे उतारना है, इसे लेकर यह निरीक्षण किया गया। पेयजल कंपनी के अनुसार टैंक में दरारों को भरने के लिए काम करने वाली कंपनी बाहर से ही निर्माण सामग्री लाएगी। ऐसे में टैंक को करीब डेढ़ दो माह खाली रखना पड़ेगा। संजौली टैंक से आने वाली मेन पेयजल लाइन को रिज टैंक के समीप वैकल्पिक लाइन बिछाकर चौड़ा मैदान और सेंट्रल जोन की दूसरी लाइन में कनेक्ट किया जाएगा। अगले माह के पहले हफ्ते तक इसका ट्रायल किया जा रहा हैं। कंपनी के जीएम महबूब शेख ने कहा कि रिज टैंक का मरम्मत कार्य जल्द शुरू किया जा रहा है। काम करने वाली कंपनी ने सोमवार को भी टैंक का निरीक्षण किया है।

रिज टैंक शहर में संजौली के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्टोरेज टैंक है। इससे सेंट्रल जोन के तहत आने वाले मालरोड, लोअर बाजार, सब्जी मंडी, लक्कड़ बाजार, कैथू, अनाडेल, रामबाजार, बसस्टैंड और कृष्णानगर एरिया में पानी की सप्लाई होती है। इसी टैंक से एक लाइन चौड़ा मैदान जोन को जोड़ती है।

### कम प्रेशर की हो सकती है दिक्कत

रिज टैंक के बजाय मेन लाइन से सप्लाई के चलते शहर के कुछ इलाकों प्रेशर की कमी हो सकती है। पेयजल कंपनी संजौली से आने वाली मेन पाइपलाइन को वैकल्पिक पेयजल लाइनों के जरिये कोर एरिया को सप्लाई देने वाली पाइपलाइनों से कनेक्ट करेगी। इससे लोगों को पानी की सप्लाई तो मिलेगी लेकिन प्रेशर पहले जैसा नहीं होगा। अगले हफ्ते तक इसका ट्रायल भी किया जा रहा है।

Shimla Main 27
Clip
केवल ~~₹1199~~ ₹199 में (SAVE 83%).
Hurry UP!
Subscribe Now

मुताबिक पानी की सप्लाई दी जाएगी। कंपनी के एजीएम राजेश कश्यप ने बताया कि गिरि और गुम्मा दोनों परियोजना से सामान्य पंपिंग हो रही है। शहर में पानी की कमी नहीं रहेगी।

थे लेकिन लॉकडाउन के चलते नगर निगम ने इन पर रोक लगा दी थी। इसी बीच पार्षदों ने बढ़ी हुई दरें लॉकडाउन अवधि में लागू न करने

## रिज टैंक की दरारें जल्द भरी जाएंगी, खाली रहेगा टैंक

**शिमला।** ऐतिहासिक रिज मैदान पेयजल टैंक में पड़ी दरारों को भरने का काम अगले महीने से शुरू हो जाएगा। इसके लिए करीब दो माह तक इस टैंक को खाली रखा जाएगा। पेयजल कंपनी टैंक का मरम्मत कार्य स्विट्जरलैंड की रेनस्को कंपनी से करवा रही है। कंपनी के प्रतिनिधियों ने दो दिन पहले ही शिमला आकर इस टैंक का निरीक्षण किया है। हालांकि, अभी टैंक खाली करवाकर इसके अंदर जाकर भी निरीक्षण करवाया जाएगा। पेयजल कंपनी का दावा है कि अगले महीने तक इस टैंक का मरम्मत कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। करीब डेढ़ करोड़ रुपये इस पर खर्च किए जा रहे हैं। मरम्मत कार्य के दौरान करीब दो महीने तक टैंक खाली रखा जाएगा। इस दौरान सेंट्रल जोन के तहत आने वाले मालरोड, लोअर बाजार, कृष्णानगर, रामबाजार, कैथू, लक्कड़ बाजार आदि इलाकों में पानी की सप्लाई देने के लिए वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। पेयजल कंपनी इसके लिए बाईपास लाइनें जोड़ने की तैयारी कर रही है। कंपनी के जीएम महबूब शेख ने कहा कि टैंक में पड़ी दरारों का काम जल्द शुरू किया जा रहा है। ब्यूरो

आपसे अनुरोध है कि
पान अथवा पान मसा